**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 19.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

**********************

सरकार देश भर में जनजातीय समुदायों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने की दिशा में काम कर रही है। आकाशवाणी समाचार के साथ एक विशेष साक्षात्कार में जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि उनके मंत्रालय ने पिछले 11 वर्षों में विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू किया है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि जनजातीय समुदाय पीछे न छूटे। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि इस पहल से छात्रों को बड़े पैमाने पर लाभ मिल रहा है।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज सिकल सेल एनीमिया जागरूकता दिवस के अवसर पर प्रभावित बच्चों और युवाओं से संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह नक्सल ऑपरेशन में काम किया जा रहा है, उसी प्रकार सिकल सेल एनीमिया जागरूकता के लिए काम किया जाएगा।

**********************

धनबाद पहुंचे नीति आयोग के मिशन निदेशक आनंद शेखर ने आज गोविंदपुर प्रखंड में जल स्रोत संरक्षण और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला–बाल कल्याण, डिजिटल गांव समेत विभिन्न योजनाओं पर उपायुक्त आदित्य रंजन के साथ चर्चा की। मिशन निदेशक ने लंबित योजनाओं के त्वरित निष्पादन और आकांक्षी प्रखंड फेलो की नियुक्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

**********************

झारखंड एसीबी ने शराब घोटाले में छत्तीसगढ़ के कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया को रायपुर से गिरफ्तार किया है। कोर्ट में पेशी के बाद उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाया जाएगा। यह इस घोटाले में सातवीं गिरफ्तारी है, इससे पहले निलंबित आईएएस विनय कुमार चौबे, पूर्व उत्पाद आयुक्त अमित प्रकाश समेत कई अधिकारियों को जेल भेजा जा चुका है। सभी आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, रांची में बंद हैं।

**********************

बिरसा हरित ग्राम योजना और मनरेगा के संयुक्त प्रयास से तोरपा प्रखंड के मार्शल मुंडा ने अपनी दो एकड़ भूमि में आम बागवानी की है। और जानकारी दे रही हैं हमारी संवाददाता –

**********************

लोहरदगा जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। मूसलाधार वर्षा से दर्जनों कच्चे मकान ध्वस्त हो गए और कई पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। शहर में जलापूर्ति भी ठप हो गई है, वहीं बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने हालात की निगरानी के निर्देश दिए हैं और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

**********************

सरायकेला–खरसावां जिले में लगातार बारिश के कारण नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है और बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। आज अनुमंडल पदाधिकारी निवेदिता समेत कई वरीय अधिकारियों ने तटीय इलाकों का निरीक्षण कर शेल्टर होम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जलस्तर फिलहाल डेंजर लेवल से नीचे है, लेकिन एहतियातन लाउड स्पीकर से लोगों को सतर्क किया जा रहा है।

**********************

खूंटी के तमाड़ थाना क्षेत्र के मुरपा गांव में तेज बारिश से एक कच्चा मकान ढह गया, जिससे एक बच्ची मौत हो गई। सूचना मिलने पर तमाड़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची भेज दिया।

**********************

हजारीबाग में बारिश से जगह–जगह जलजमाव और नालियों के उफान से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। कई इलाकों में नालियों का गंदा पानी सड़कों और घरों में घुस गया है, जिससे स्थानीय लोग परेशान हैं।

**********************